EBSB DAY 27th June 2020

Report

आज राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित वेबीनार "देखो अपना देश" में केरल राज्य से संबंधित " एक्सप्लोरिंग नदी निला" वेबीनार का वीडियो ऑनलाइन फॉर्म पर उपलब्ध करवाया गया जिसे महाविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों व गैर शिक्षक कर्मियों ने अपने गंतव्य स्थान पर ही देखा और केरल राज्य से संबंधित जानकारी प्राप्त की।

इसमें केरल के भरतपुझा के नाम से जाना जाने वाले "नदी निला" के साथ साथ शहरों और गांवों की विशिष्टता को बताया गया। वेबीनार में प्रस्तुति द ब्लू यॉन्डर के संस्थापक गोपीनाथ पारायिल, लेखक व कहानीकार अनीता नायर और इंटैक पलक्कड़ के अरुण नारायणन द्वारा दी गई। प्रस्तुतकर्ताओं ने स्थानीय भोजन, त्योहारों, कला रूपों, परंपराओं और उन स्थानों की प्रकृति, परिदृश्य, विरासत और समुदाय के संरक्षण के बारे में भी बात की। वेबिनार में दिखाए गए गंतव्य केरल के पलक्कड़, त्रिशूर और मलप्पुरम जिलों में स्थित हैं।

“देखो अपना देश” वेबिनार श्रृंखला का फोकस घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देना है। वर्तमान लॉकडाउन अवधि के दौरान, पर्यटन मंत्रालय देश के पर्यटन के हितधारकों और देश के नागरिकों के साथ जुड़ने के लिए सभी प्रयास कर रहा है। कार्यक्रम में प्राचार्य श्री रामकृष्ण, एक भारत श्रेष्ठ भारत कोऑर्डिनेटर डॉ अतुल गुप्ता, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट जयचंद, कार्यालय अधिकारी श्री योगेश कुमार, बिशन कुमार ने महाविद्यालय से ही "देखो अपना देश" वेबीनार देखा।

बिलासपुरः कालेज प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण, एक भारत श्रेष्ठ भारत को-ऑर्डीनेटर डा. अतुल गुप्ता व कार्यालय अधिकारी योगेश कुमार देखो अपना देश वेबिनार को देखते हुए। (ब्यूरो)

वेबिनार के माध्यम से प्राप्त की केरल राज्य से संबंधित जानकारी

विद्यार्थियों को देश की संस्कृति से जोड़ा

बिलासपुर, 27 जून(ब्यूरो): पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित वेबिनार शृंखला देखो अपना देश में केरल राज्य से संबंधित वेबिनार का वीडियो ऑनलाइन फॉर्म पर उपलब्ध करवाया गया, जिसे महाविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों व गैर शिक्षक कर्मियों ने अपने गंतव्य स्थान पर ही देखा और केरल राज्य से संबंधित जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के समन्वयक डा. अतुल गुप्ता ने बताया कि बिलासपुर महाविद्यालय प्रत्येक महीने के अंतिम शनिवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत दिवस के रूप में मनाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने देश की संस्कृति से जोड़ना है। कार्यक्रम का संचालन मानव संसाधन मंत्रालय भारत सरकार के दिशा-निर्देश पर किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत हिमाचल प्रदेश को केरल राज्य के साथ जोड़ा गया है। इसी कड़ी में शनिवार को इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वेबिनार में प्रस्तुति द ब्लू यॉडंर के संस्थापक गोपीनाथ पारायिल, लेखक व कहानीकार अनीता नायर और इंटैक पलक्कड़ के अरुण नारायणन द्वारा दी गई। प्रस्तुतकर्त्ताओं ने स्थानीय भोजन, त्यौहारों, कला रूपों, परंपराओं और उन स्थानों की प्रकृति, परिदृश्य, विरासत और समुदाय के संरक्षण के बारे में भी बात की। कार्यक्रम में कालेज प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण, एन.सी.सी. अधिकारी लैफ्टिनैंट जयचंद, कार्यालय अधिकारी योगेश कुमार, बिशन कुमार ने महाविद्यालय से ही देखो अपना देश वेबिनार देखा।

केरल की संस्कृति से अवगत हुए छात्र

वेबिनार श्रृंखला देखो अपना देश के तहत ऑनलाइन दिखाया वीडियो

संवाद न्यूज एजेंसी

बिलासपुर महाविद्यालय में वेबिनार को देखते शिक्षक व छात्र।

बिलासपुर। राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में विद्यार्थियों के लिए पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित वेबीनार शृंखला देखो अपना देश में केरल राज्य से संबंधित एक्सप्लोरिंग नदी निला वेबीनार का वीडियो ऑनलाइन फॉर्म पर उपलब्ध करवाया गया। जिसे महाविद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों व गैर शिक्षक कर्मियों ने अपने गंतव्य स्थान पर ही देखा और केरल राज्य की संस्कृति से संबंधित जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि बिलासपुर महाविद्यालय प्रत्येक महीने के अंतिम शनिवार को एक भारत श्रेष्ठ भारत दिवस के रूप में मनाता है। जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने देश की संस्कृति से जोडना है। कार्यक्रम का संचालन मानव संसाधन मंत्रालय भारत सरकार के दिशा निर्देश पर किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश को केरल राज्य के साथ जोड़ा गया है। इसी कड़ी में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य रामकृष्ण, एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट जयचंद, कार्यालय अधिकारी योगेश कुमार, बिशन कुमार मौजूद रहे।

बिलासपुर के विद्यार्थियों ने जानी केरल की संस्कृति

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्याय बिलासपुर में आयोजित एक भारत श्रेष्ठ भारत वेबिनार को देखते प्राचार्य रामकृष्ण और प्रो. अतुल गुप्ता • जागरण

संवाद सहयोगी, बिलासपुर : एक भारत-श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत बिलासपुर कॉलेज में शनिवार को वेबिनार का आयोजन किया गया। शिक्षकों, गैर शिक्षक कर्मियों और विद्यार्थियों ने वेबिनार में केरल की संस्कृति की जानकारी हासिल की।

कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि बिलासपुर कॉलेज हर महीने के अंतिम शनिवार को एक भारत-श्रेष्ठ भारत दिवस के रूप में मनाता है। इसका मुख्य उद्येश्य विद्यार्थियों को अपने देश की संस्कृति से जोड़ना है। हिमाचल प्रदेश को केरल के साथ जोड़ा गया है। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में केरल के भरतपुझा के नाम से जाना जाने वाले नदी निला के साथ शहरों और गांवों की विशिष्टता को बताया गया। वेबीनार में प्रस्तुति द ब्लू यॉंडर के संस्थापक गोपीनाथ पारायिल, लेखक व कहानीकार अनीता नायर और इंटैक पलक्कड़ के अरुण नारायणन ने दी। उन्होंने स्थानीय भोजन, त्योहारों, कला रूपों, परंपराओं और उन स्थानों की प्रकृति, विरासत और समुदाय के संरक्षण के संबंध में भी बात की।